# भारतीय जनता पार्टी

*(केन्द्रीय कार्यालय)*
11, अशोक रोड, नई दिल्ली
**फोन नं. :** 23005700 **फैक्स :** 23005787

## राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
## श्री मुख्तार अब्बास नकवी का प्रेस वक्तव्य

**नई दिल्ली 19 नवम्बर 2013।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं केन्द्रीय चुनाव प्रबन्धन, कार्यक्रम एवं समन्वय प्रमुख श्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि **"कांग्रेस की डर्टी डींग"** उसे **शर्मनाक डिफीट** से नही बचा सकती।

श्री नकवी ने कहा कि चौतरफा जनाक्रोष की ज्वाला से तमतमाई, तिलमिलाई कांग्रेस **"करप्शन एवं कुशासन की कालिख"** से पुते हुए चेहरे को छुपाने के लिए **"साजिशों का सेहरा"** बाध रही है। कांग्रेस की हर साजिश उसके चेहरे पर एक नया बदनुमा दाग डाल रही हैं।

श्री नकवी ने कहा कि कांग्रेस की पिटी पट कथा पर आधारित **"डर्टी पिक्चर"** लोकतन्त्र के बाक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट रही हैं। कांग्रेस अपनी उपलब्धियों के अकाल और नाकामियों के सैलाब में बुरी तरह फंस चुकी है। कांग्रेस **"साजिशों का शैतानी शोर"** मचा रही है। चुनावों में जनता की अदालत के फैसले के आभास मात्र से कांग्रेस के नेता अपना मानसिक संतुलन खो बैठे है और बहकी–बहकी, बेसुरी बातों से अपनी बची खुची साख पर भी बट्टा लगा रहे है।

श्री नकवी ने कहा कि कांग्रेस को अपना नाम **"इन्डियन नेशनल कांग्रेस"** की जगह **"इन्डियन साजिश कांग्रेस"** रख लेना चाहिए और सत्ता से बेदखल होने के बाद **"साजिश सेन्टर"** खोल लेना चाहिए। क्योंकि कांग्रेस जिस तरह की **"माफिया स्टाईल राजनीति"** कर रही है, उससे स्पष्ट है कि वह लोकतन्त्र मूल्यों के बजाय **"माफिया मैजिक"** पर यकीन करती है। कांग्रेस विपक्ष ही नही, अपने साथियों को भी साजिशों का शिकार बनाती रही है। संवैधानिक संस्थाओं का अपनी साजिशों को अन्जाम देने के लिए अपराधिक दुरूपयोग का विश्व रिकार्ड बना रही है।

श्री नकवी ने कहा कि कांग्रेस की यह हरकते के चलते अभी तो लागों ने कांग्रेस की सभाओं का बहिष्कार करना शुरू किया है, आने वाले चुनावों में देश की जनता **"कांग्रेस का बहिष्कार"** कर उसके ऐसी घटिया, माफिया, स्टाईल राजनीति कर मुंह–तोड़ जवाब देगी। कांग्रेस ने गुजरात चुनावों मे जिस तरह झूठे, बेहूदा, बेबुनियाद, व्यक्तिगत आरोप लगाये थे, उसका मुंह–तोड़ जवाब कांग्रेस को जनता ने दे दिया था। अपनी आदत से मजबूर कांग्रेस मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, छत्तीसगढ़ में भी उसी **"एक्सपायर फार्ममूले"** को आजमा रही है, जिसका उसे इन राज्यों की जनता मुंह–तोड़ जवाब देगी।

श्री नकवी ने कहा कि हम कांग्रेस की **"डर्टी डींग" और "हिट एण्ड रन"** राजनीति पर आश्चर्य नही है, क्योंकि हमे मालूम था कि हताश, निराश, बौखलाई, घबराई कांग्रेस और उसके नेता **"माफिया मूल्यों"** के सहारे देश के लोकतान्त्रिक मूल्यों पर हमला करेगें, वह ऐसी साजिशों के सहारे **"आसमान पर थूकने"** की कोशिश कर रहे है। उनकी हर साजिश **"कांग्रेस के करप्शन के काफिन (ताबूत)"** में एक नई कील ठोक रही हैं।

**(इजी. अरुण कुमार जैन)**
*कार्यालय सचिव*